web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Social Justice Union (Govt. Registered)

# दैनिक न्याय साक्षी


अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 30 मार्च 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 180

# जोशीमठ भू-धंसाव : होटल मालिकों ने आपदा में बेघर हुए लोगों को 31 मार्च तक कमरा खाली करने का सुनाया फरमान



**जोशीमठ (आरएनएस)।** उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा को शुरू होने में अब एक महीने में भी कम का समय बचा हुआ है। जिसे देखते हुए सरकार और प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। साथ ही जो काम बचे हुए हैं उन्हें समय पर पूरे करने के निर्देश भी तमाम अधिकारियों को दे दिए गए हैं। इतना ही नहीं रुद्रप्रयाग जिलाअधिकारी मयूर दीक्षित और डीजीपी अशोक कुमार ने भी चारधाम यात्रा को लेकर निरीक्षण किया है। इन सबके बीच जोशीमठ में हुए भू-धंसाव और घरों में आई दरारों को लगभग 3 महीने का समय हो गया है। लेकिन इन पीड़ितों की समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है।

चारधाम यात्रा का समय नजदीक आ गया है। जिससे देखते हुए चारधाम यात्रा के लिए होटलों की बुकिंग शुरू हो गई है। यात्रा को देखते हुए होटल मालिकों ने जोशीमठ आपदा में बेघर हुए लोगों को 31 मार्च तक कमरे खाली करने का फरमान सुना दिया है। हालांकि, प्रशासन का कहना है कि प्रभावितों को होटलों में रखने की मियाद बढ़ाने के लिए शासन को लिखा गया है। लेकिन सरकार की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है।

जोशीमठ में भू-धंसाव बढऩे के बाद जनवरी के पहले हफ्ते में लोगों को होटलों धर्मशालाओं और किराये के मकानों में विस्थापित किया गया था। होटलों में सरकार एक कमरे के लिए 950 रुपये किराया दे रही है। जो लोग किराये के मकानों में रह रहे हैं उन्हें पांच हजार रुपये दिए जा रहे हैं। जोशीमठ नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न होटल, धर्मशालाओं में 181 परिवार के 694 सदस्य रह रहे हैं। उनके खाने-पीने की व्यवस्था भी की गई है।

नगर पालिका गेस्ट हाउस में रह रहे पांच परिवारों को प्रशासन भोजन उपलब्ध करा रहा है। जबकि होटलों में रह रहे लोगों के लिए वहीं खाने की व्यवस्था की गई है। सरकार ने होटलों में आपदा प्रभावित लोगों के ठहरने की व्यवस्था 31 मार्च तक की थी। अंतिम तारीख पास आते ही होटल मालिक प्रभावितों को कमरे खाली करने के लिए कहने लगे हैं।

होटल मालिक गोविंद सिंह का कहना है कि उनके होटल में 10 कमरे हैं। इनमें से दो कमरे आपदा प्रभावितों को दिए गए हैं। प्रशासन ने मार्च तक प्रभावितों को रखने के लिए कहा था। अब चारधाम यात्रा के लिए उन्हें कमरों की जरूरत है। कई बार तीर्थयात्रियों के बड़े ग्रुप आते हैं। ऐसे में आपदा प्रभावितों को यहां रखा तो तीर्थयात्रियों को कमरे उपलब्ध नहीं करा पाएंगे।

दूसरी ओर एक और होटल के मालिक कुलदीप का कहना है कि उनके होटल में छह कमरे हैं, जिनमें तीन कमरों में आपदा प्रभावित रह रहे हैं। सरकार ने प्रतिदिन एक कमरे के 950 रुपये देने की बात कही थी लेकिन अभी तक कोई भुगतान नहीं हुआ है। कुलदीप ने कहा कि चारधाम यात्रा के मद्देनजर अब कमरे खाली कराने पड़ेंगे।

उधर चमोली डीएम हिमांशु खुराना ने कहा कि, 31 मार्च तक आपदा प्रभावितों को होटलों में शिफ्ट करने के आदेश प्राप्त हुए थे। 30 अप्रैल तक प्रभावितों को होटलों में रखने के लिए शासन को लिखा गया है। 31 मार्च के बाद भी किसी भी आपदा प्रभावित को होटलों से बाहर नहीं किया जाएगा। यदि कोई होटल स्वामी प्रभावितों को होटल छोडऩे के लिए कह रहा है तो इसकी जांच की जाएगी।

जोशीमठ,चमोली एसडीएम कुमकुम जोशी ने बताया कि, हमारे पास आपदा प्रभावितों को होटलों में ठहराने के लिए 31 मार्च तक की अनुमति थी। अवधि बढ़ाने के लिए शासन को लिखा गया है। अधिकांश होटलों को किराए का भुगतान कर दिया गया है। कुछ होम स्टे व होटलों के जीएसटी व अन्य दस्तावेज पूरे न होने के चलते किराए का भुगतान नहीं हो पाया है।

जोशीमठ में हो रहे भू-धंसाव को लगभग 3 महीने हो गए हैं। लेकिन आपदा पीड़ितों की पीड़ा कम होती नजर नहीं आ रही है। एक तो पहले ही इन लोगों के मेहनत से बनाये आशियाने इन से छीन गए हैं। तो दूसरी तरफ अब इन्हें सरकार से भी मदद नहीं मिल रही है। पीड़ितों के दुख का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पीडित नम आंखों से ये कह रहे हैं कि इस विपदा की घड़ी में कोई तो हो जो इन लोगों का सहारा बने।

इनकी ये पीड़ा यही खत्म नहीं हो रही है। बल्कि अब तो इनके सामने समस्या ओर भी बढ़ गई है। जो आपदा पीड़ित लोग होटलों, धर्मशालाओं ने रह रहे हैं। उन्हें होटल मालिकों ने 31 मार्च तक कमरे खाली करने को कहा है। बाजार में किराए पर कमरे नहीं मिल रहे हैं।होटल में परिवार के साथ रह रहीं सिंहधार वार्ड की मीना देवी का कहना है कि उनका 5 सदस्यीय परिवार 13 जनवरी से एक कमरे में रह रहा है। होटल स्वामी ने 31 मार्च तक कमरा खाली करने के लिए कहा है। बाजार में किराए के कमरे नहीं मिल रहे हैं।

# कूनो पार्क से आई अच्छी खबर, मादा चीता ने दिया चार शावकों को जन्म



**श्योपुर (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क से एक अच्छी खबर आई है क्योंकि यहां चीतों के चार शावकों का जन्म हुआ है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसके लिए स्थानीय प्रबंधन को बधाई दी है।

कूनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्म दिन के मौके पर दक्षिण अफ्रीका के नामीबिया से आए आठ चीतों के दल को छोड़ा था। यह चीतों की पुर्नस्थापना के अभियान का श्रीगणेश था। उसके बाद 12 और चीते आए। इस तरह चीतों का कुनबा 20 का हो गया था, मगर उनमें से एक मादा चीता की मौत हो गई।

कूनो से बुधवार को एक अच्छी खबर आई और पता चला कि एक मादा चीता ने चार शावकों को जन्म दिया है। मुख्यमंत्री चौहान ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और सफल प्रयासों से चीता की सुखद वापसी भारत में हुई है। मध्यप्रदेश चीता स्टेट बना है।

उन्होंने आगे कहा, आज कूनो नेशनल पार्क में चीता परिवार में चार नये शावकों के आगमन से हम समस्त मध्यप्रदेशवासी हर्षित एवं आनंदित हैं। यह हमारे लिए अत्यंत आनंददायी है कि कूनो में चीता परिवार बढ़ रहा है। वन विभाग, कूनो नेशनल पार्क, स्थानीय प्रशासन के सफल प्रबंधन से सुखद परिणाम मिले हैं।

# हत्या के मामले में तीन भाईयों समेत चार को उम्रकैद



**सहारनपुर (आरएनएस)।** नागल के गांव पिरड में 12 साल पहले हुई रणवीर की हत्या का दोष सिद्ध होने पर अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या- एक ललित नारायण झा ने पिरड निवासी तीन सगे भाइयो समेत चार लोगो को आजीवन कारावास और 30-30 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता सोनवीर सिंह ने बताया कि 19 मार्च 2011को ग्राम पिरड निवासी रणवीर की कहा सुनी गांव में रहने वाले जावेद के साथ हो गई थी। दोनों में प्रधानी चुनाव को लेकर रंजिश थी। थोडी देर में ही जावेद अपने भाइयो नदीम , मुन्ना और बुआ के लडके खानआलमपुरा निवासी अरशद के साथ हथियार लेकर रणवीर के घर में घुस गया और घर में बैठे रणवीर के पिता झबल सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया। जैसे ही रणवीर सामने आया उस पर गोलियां बरसा कर उसे मौके पर ही मार दिया। घटना की रिपोर्ट रणवीर के लडके अरुण कुमार ने थाना नागल में दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना उपरांत जावेद , नदीम, मुन्ना और अरशद के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

मुकदमे की सुनवाई के उपरांत साक्ष्य और गवाहों के आधार पर दोषी पाते हुए अदालत ने जावेद, नदीम, मुन्ना और अरशद को विभिन्न धाराओं में अधिकतम आजीवन कारावास व 30-30 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। चारो अभियुक्त जमानत पर थे, जिन्हे दोषी करार देने और सजा के बाद जेल भेज दिया गया हैं।

**क्रॉस केस के आरोपी बरी**

इसी मामले में जावेद पक्ष द्वारा कराए गए क्रॉस केस में रणवीर पक्ष पर आरोप था कि रणवीर पक्ष ने जावेद के भाई नावेद को गोली मारी थी। जिसके कारण नावेद गंभीर रूप से घायल हो गया था और उसी दिन अस्पताल ले जाते वक्त नावेद की मृत्यु हो गयी थी। मुकदमे की सुनवाई के उपरांत साक्ष्य, परिस्थितियों और गवाहों के आधार पर अदालत ने सभी नौ आरोपियों को दोष मुक्त कर दिया है।

# मुफ्त के आटे को लेकर पूरे पाकिस्तान में मची भगदड़ : एक की मौत, 46 घायल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विभिन्न शहरों में आटा वितरण केंद्रों पर मची भगदड़ में एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। आटा वितरण को लेकर सरकार के खिलाफ लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

पहली भगदड़ साहीवाल में उस समय हुई जब बड़ी संख्या में लोग मुफ्त का आटा लेने पहुंचे थे और महिलाएं भी लंबी-लंबी कतारों में खड़ी थीं।

जैसे-जैसे समय बीतता गया, भीड़ अधीर हो गई, जिससे भगदड़ मच गई और हर कोई आटा बैग लेने की कोशिश कर रहा था।

नतीजतन, इस भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 46 अन्य घायल हो गए।

इस बीच साहीवाल उपायुक्त व जिला पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे।

आटा मांगने वालों पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज करने की भी खबरें हैं।

रहीम यार खान में मुफ्त आटा लेने के चक्कर में 73 वर्षीय एक व्यक्ति को कुचल दिया गया, जबकि कई अन्य घायल हो गए।

झंग में सरकारी ग्रेजुएट बॉयज कॉलेज में आटा बांटने के स्थान पर एक वृद्ध महिला पर कथित अत्याचार के विरोध में महिलाओं ने धरना दिया। महिलाओं का आरोप है कि आटे की थैलियां बांटने के दौरान कर्मचारियों द्वारा भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है।

पेशावर में विभिन्न स्थानों पर मुफ्त सरकारी गेहूं के आटे की आपूर्ति के लिए विरोध और मारपीट देखी गई क्योंकि शहर की पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने में अपनी लाचारी व्यक्त की।

मुफ्त आटा नहीं मिलने पर प्रदर्शनकारियों ने कोहाट रोड को जाम कर दिया, जिसके चलते यातायात जाम हो गया।

उन्होंने शिकायत की कि उन्हें पूरे दिन लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ा और फिर भी खाली हाथ घर लौटे और दावा किया कि भाई-भतीजावाद के आधार पर राजनीतिक संबद्धता को ध्यान में रखते हुए आटा बांटा जा रहा है। मुफ्त सरकारी आटा नहीं मिलने की शिकायतें हर बीतते दिन के साथ बढ़ती जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि पूरे प्रांत में, विशेष रूप से इसके दक्षिणी जिलों में, बड़ी संख्या में महिलाएं मुफ्त आटा लेने के लिए वितरण बिंदुओं पर इक_ा होती हैं, जिससे पुलिस के लिए स्थिति का प्रबंधन करना मुश्किल हो जाता है। दक्षिणी पंजाब की हासिलपुर तहसील में मुफ्त आटा वितरण केंद्र पर मची भगदड़ में कम से कम पांच महिलाएं घायल हो गईं।

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत, रामनवमी पर अयोध्या दर्शन करने आया था परिवार



**अयोध्या (आरएनएस )।** रामनवमी मेले के दौरान भीषण सडक़ हादसे में दो लोगों मौत हो गई है। मेले के लिए अयोध्या आ रहे श्रद्धालुओं के वाहन टीवीएस एक्सल को प्लाईवुड लदे ट्रक ने टक्कर मार दी। यह परिवार जिला संत कबीर नगर के घनघटा क्षेत्र से अयोध्या दर्शन करने आ रहा था। ट्रक से टक्कर के बाद दोनों उसी समय गुजर रहे ट्रक के नीचे आ गए।

दुर्घटना नए पुल पर आज सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर हुई।इस घटना में मृतका कुरलावती की इस दुर्घटना के चेहरे और कमर के नीचे का हिस्सा छोड़ बाकी हिस्सा बाहर आ गया। नातिन काजल की भी दर्दनाक मौत हुई है। बाईक चला रहे गंगाधर कुरलावती के पति हैं जो इस घटना में बच गए हैं। वे भय और दुख से बहुत देर तक कुछ बोल नहीं सके। लखनऊ गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यह हादसा अयोध्या कोतवाली के नया घाट चौकी क्षेत्र में नए पुल के बीच में हुआ।कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन ट्रक को बरामद कर लिया गया है।

# नौसेना में शामिल हुआ महिला नाविकों का पहला बैच, 2585 अग्निवीरों ने की पासिंग आउट परेड



**भुवनेश्वर (आरएनएस)।** ओडिशा में भारतीय नौसेना के आईएनएस-चिल्का पर 2,585 अग्निवीरों के पहले बैच की पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। अग्निवीरों के इस पहले जत्थे में 273 महिलाएं भी शामिल हैं, जो चार महीने की लंबी ट्रेनिंग को पूरा करने के बाद अब अपनी सेवा देने के लिए तैयार हैं।

इस पासिंग आउट परेड में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने नए रंगरूटों से सलामी ली, जो सूर्यास्त के बाद आयोजित की गई थी। वैसे तो पासिंग आउट परेड (पीओपी) परंपरागत रूप से सुबह के समय आयोजित किए जाते हैं, लेकिन यह पहला मौका था जब यह परेड सूर्यास्त के बाद आयोजित की गई थी, जो भारतीय सशस्त्र बलों में अपनी तरह का पहला था।

आईएनएस-चिल्का भारतीय नौसेना के अग्निवीरों के लिए प्रमुख बुनियादी प्रशिक्षण प्रतिष्ठान है और एक व्यापक प्रशिक्षण व्यवस्था द्वारा रंगरूटों को प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस मौके पर राज्यसभा सांसद पीटी उषा और क्रिकेटर मिताली राज भी ऐतिहासिक कार्यक्रम में मौजूद थे।

नौसेना की तरफ से जारी बयान में बताया गया कि सफल रंगरूटों को उनके समुद्री प्रशिक्षण के लिए सीमावर्ती युद्धपोतों पर तैनात किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि अग्निवीरों के इस पहले बैच में वे अग्निवीर (पुरुष और महिलाएं) भी शामिल हैं, जो इस साल 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर भारतीय नौसेना के गणतंत्र दिवस परेड दल का हिस्सा थे।

इस मौके पर अग्निवीरों को संबोधित करते हुए नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा, 'मैं आपको (अग्नीवीर) विश्वास दिलाता हूं कि आप जहां भी जाएंगे, जीवन में किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए आत्मविश्वास और प्रेरणा के साथ पूरी तरह तैयार रहेंगे।'

भारतीय नौसेना प्रमुख ने पासिंग आउट अग्निवीरों से 'अपना कर्तव्य निभाने और इसे अच्छी तरह से करने' के लिए कहा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अग्निवीर जीवन की सभी चुनौतियों का पूरे विश्वास के साथ सामना करेंगे।

एडमिरल कुमार ने कहा, 'आप बड़े पैमाने पर देश की सेवा करने का अवसर पाने के लिए भाग्यशाली हैं। मुझे यह भी विश्वास है कि अगर किसी दुश्मन देश से कोई चुनौती आती है तो आप उन्हें करारा जवाब देने में सक्षम होंगे।' नौसेना प्रमुख ने नौसैनिकों से राष्ट्र निर्माण के लिए नौसेना के कर्तव्य, सम्मान और साहस के मूल मूल्यों को बनाए रखने का भी आग्रह किया।

वहीं राज्यसभा सांसद पीटी उषा और क्रिकेटर मिताली राज भी इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। परेड में पास होने वालों में 272 महिला अग्निवीर भी हैं। खुशी पठानिया को चिल्का में अग्निवीरों की पहली पासिंग आउट परेड में सर्वश्रेष्ठ महिला अग्निवीर के लिए जनरल बिपिन रावत ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। पठानकोट की 19 वर्षीय खुशी, एक सूबेदार मेजर की पोती और एक किसान की बेटी हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### युवक को दोहरे हत्याकांड में अदालत ने दी आजीवन कारावास की सजा

**लखीमपुर खीरी (आरएनएस)।** लखीमपुर खीरी में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) सुभाष सिंह की अदालत ने 40 वर्षीय व्यक्ति को अपनी पत्नी की मां और बहन के दोहरे हत्याकांड के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उन पर 12 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। आरोपी जय सेन अपनी भाभी से शादी करना चाहता था और उन्हें अपनी दूसरी पत्नी के रूप में रखना चाहता था। उनकी सास ने योजना पर आपत्ति जताई और बेटी की शादी कहीं और तय कर दी। उसके फैसले से खफा होकर उसने उसे और उसकी भाभी को हथौड़े से मार डाला। घटना 2012 में हुई थी। बाद में उस व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ लिया और मैलानी थाने में हत्या का मामला दर्ज कर जेल भेज दिया। अतिरिक्त जिला सरकारी वकील कपिल कटियार ने मामले के बारे में जानकारी देते हुए कहा, घटना अक्टूबर 2012 में गिरधरपुर गांव में दर्ज की गई थी। सीतापुर जिले के रहने वाले जय सेन की शादी रामस्नेही देवी से हुई थी और वह अपनी पत्नी के मायके में रहती थी।

### हाईकोर्ट ने पलटा फैसला, जयपुर बम ब्लास्ट केस में फांसी की सजा पाने वाले सभी आरोपी बरी

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान के जयपुर में हुए सीरियल बम ब्लास्ट से जुड़े केस में चारों आरोपियों को बरी कर दिया गया है। बुधवार को हाईकोर्ट ने इस मामले में निचली अदालत का फैसला पलट दिया। ट्रायल कोर्ट ने चार बरस पहले इन आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई थी, जबकि बचाव पक्ष की ओर से फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने केस में डेथ रिफरेंस सहित चार दोषियों की ओर से पेश 28 अपीलों पर फैसला सुनाया और हाईकोर्ट ने इस दौरान दोषियों की अपील को मंजूर किया। खंडपीठ बोली कि जांच अधिकारी को लीगल (कानूनी मामलों से जुड़ी) जानकारी नहीं है। उन्होंने इसके साथ ही जांच अफसरों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा है। डेथ रेफरेंस पर इससे पहले हाईकोर्ट में लगभग 48 दिन तक सुनवाई चली थी, जबकि सभी पक्षों के मौखिक तर्क सुनने के बाद कोर्ट ने आज अपना फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने इस दौरान सलमान का मामला किशोर बोर्ड को भेज दिया और सैफ, सैफूर्रहमान और सरवर आजमी को दोषमुक्त किया।

### वंदे भारत ट्रेन पर अब पत्थरबाजी पड़ेगी महंगी, रेलवे ने जारी की चेतावनी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने कई राज्यों में वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत की है। इससे न सिर्फ यात्रियों के समय में बचत हो रही है, बल्कि उन्हें अन्य ट्रेनों की तुलना में बेहतर सुविधाएं भी प्राप्त हो रहीं। हालांकि, इन सबके बावजूद पिछले कुछ समय में देखा गया है कि कई जगह वंदे भारत ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाएं सामने आई हैं। इसको लेकर रेलवे ने सख्त कदम उठाया है। साउथ सेंट्रल रेलवे (स्ष्टक्र) ने चेतावनी दी है कि यदि कोई वंदे भारत समेत बाकी की भी ट्रेनों पर पत्थरबाजी करते हुए पाया जाता है, तो उसे पांच साल की जेल की सजा हो सकती है। तेलंगाना में विभिन्न स्थानों से वंदे भारत ट्रेनों पर पथराव की कई घटनाओं के बाद यह चेतावनी आई है। एससीआर की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि कुछ घटनाएं काजीपेट, खम्मम, काजीपेट-भोंगिर और एलुरु-राजमुंदरी में हुई हैं। हाल के दिनों में, वंदे भारत ट्रेनों को बदमाशों ने निशाना बनाया और ऐसी नौ घटनाएं हुई हैं। इसके अलावा, फरवरी 2019 में इसके उद्घाटन के बाद से, तेलंगाना, बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि में वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी की घटनाएं सामने आई हैं। एससीआर ने आगे कहा कि ट्रेनों पर पथराव एक क्रिमिनल ऑफेंस है और अपराधियों के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 153 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को पांच साल की जेल की भी सजा हो सकती है। रेलवे सुरक्षा बल (क्रक्कस्न) द्वारा कई मामले दर्ज किए जाने के बाद अब तक 39 अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एससीआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सी आर राकेश ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कई निवारक उपाय भी कर रहा है, जिसमें जागरूकता अभियान और पटरियों के पास के गांवों के सरपंचों के साथ समन्वय करना और उन्हें ग्राम मित्र बनाना शामिल है।